भा॰वा॰अ॰प॰- वन अनुसंधान संस्थान देहरादून
स्वतंत्रता दिवस समारोह
[15 अगस्त, 2024]

वन अनुसंधान संस्थान देहरादून द्वारा 15 अगस्त, 2024 को 78वां स्वतंत्रता दिवस मुख्य भवन के समक्ष मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् की महानिदेशक श्रीमति कंचन देवी जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। केन्द्रीय विद्यालय एफ0आर0आई के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीयगान व देशभक्ति के गीत गाए। तत्पश्चात निदेशक वन अनुसंधान संस्थान द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुभकामना संदेश दिया गया। महानिदेशक भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् श्रीमति कंचन देवी जी ने सभी को 78वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी एवं उपस्थित लोगों से देश की उन्नति व तरक्की में भरपूर योगदान हेतु अपील की तथा भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् द्वारा किए जा रहे नवीनतम कार्यों के बारे में उल्लेख किया। इस अवसर पर निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, निदेशक, वन शिक्षा निदेशालय, प्रिंसिपल केन्द्रीय राज्य वन अकादमी, आई0एफ0एस0 प्रोबेशनर्स एवं केन्द्रीय राज्य वन अकादमी के प्रशिक्षणार्थी, सचिव, सुप्रीम कोर्ट मानीटरिंग कमेटी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, संस्थान व परिषद् के वन अधिकारी, वैज्ञानिक व कर्मचारी उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर संस्थान की मुख्य भवन की इमारत को रात्रिकालीन रोशनी से जगमगाया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 के0 पी0 सिंह, प्रचार एवं सम्पर्क अधिकारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की झलकियाँ